खबर संक्षेप

दिव्य दिंडी यात्रा हेतु बैठक का आयोजन

छिंदवाड़ा। संत गजानन गुणगान मंडल, समग्र मराठी समाज द्वारा आषाढी एकादशी (देवशयनी ग्यारस) के अवसर पर प्रतिवर्ष विवेकानंद कालोनी स्थित शिव गजानन मंदिर में दिण्डी यात्रा का आयोजन किया जाता है। दिण्डी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि, दिण्डी यात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने तथा महत्वपूर्ण विचार विमर्श हेतु दिनाँक 16 जून दिन रविवार को दोपहर 1.00 बजे विवेकानंद कालोनी स्थित शिव गजानन मंदिर के प्रार्थना भवन में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि इस बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संगठनों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। संत गजानन गुणगान मंडल समिति एवं समग्र मराठी समाज ने सभी आमंत्रितों से समय पर पधारकर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

रेंजर ने खाली ट्रैक्टर का पंचनामा बनाकर राजस्व विभाग को भेजने की कही बात

देलाखारी बफर जोन में रेत चोरों ने शुरू किया उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में राजस्व की नदियों में ईमान खोने वाले अधिकारियों की मदद से रेत चोरों ने राजस्व की नदियों को खाली करवा डाला। रेत खत्म होने की दशा में वे तामिया रेंज की वन भूमि की नदियों में नवरी टोला, कुर्सी ढाना बांगई में रेंजर की मिली भगत से रेत चोरी को अंजाम दे रहे है। अखबारों में समाचार प्रकाशन के चलते इन नदियों से फिलहाल रेत का अवैध उत्खनन बंद कराया गया। लेकिन रेत चोरों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते चले जा रहे है। इन्ही बुलंद हौसलों के कारण वे अब प्रतिबंधित क्षेत्र बफर जोन में भी रेत निकालने का साहस करने लगे है। यह सब वन अमले की मिली भगत से करने लगे है। बीती रात लगभग 8 बजे नर्मदा पुरम बफर जोन की रेंज देलाखारी के ग्राम झिरपा के पास खंचारी में बफर जोन की देनवा नदी में रेत भरने की शिकायत बफर जोन के अधिकारियों को की गई तो बफर जोन का वन अमला आदेश की तामिली करने नदी तो पहुंचा लेकिन एक ही ट्रैक्टर नदी के पास मिला जिससे शिकायत की पुष्टि हुई कि बफर जोन से रेत का अवैध खनन हो रहा है। देलाखारी बफर जोन के रेंजर आरके श्रीवास्तव शिकायत मिलने पर नदी पर अपने दल बल के साथ पहुंचे थे लेकिन उन्हें एक खाली ट्रैक्टर नदी में मिला जिसका उन्होंने पंचनामा बनाया और मामला राजस्व विभाग को प्रेषित करेंगे, लेकिन जब नदी में ट्रैक्टर मिला है तो वफर जोन जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में रात में ट्रैक्टर कैसे पहुंचा। इससे उस क्षेत्र के नाकेदार एवं डिप्टी रेंजर पर रेत की चोरी करवाने शक की सुई घूम रही है। खबर तो यह भी है कि इन्हीं मैदानी अमले ने ट्रैक्टर वालों को सूचना दी की नदी से निकल जाओ। इसकी भी जांच होना चाहिए कि आखिर ट्रैक्टर बफर जोन जैसे एरिया में कैसे पहुंचे। इसी बात से बल मिलता है कि बफरजोन के नाकेदार एवं डिप्टी रेंजर ने बीती रात रेत के वाहनों का नदी से खाली करवा कर निकाला जाना एवं खाली ट्रैक्टर में बफर जोन जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में रेत लेने जाना रेत चोरों का रसूख एवं बफर जोन के नाकेदार डिप्टी रेंजर पर सवाल खड़े कर रहा है कि रेत चोर अति संवेदनशील वफर जोन में भी रेत की चोरी करने में पीछे नहीं है।

आज होगा जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम

छिन्दवाड़ा। शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा 5 जून से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर इस अभियान के अंतर्गत सबसे पहले सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर छोटा तालाब कुंड, पातालेश्वर मंदिर कुंड की सफाई की गई एवं मंदिर के पास स्थित नाले की भी मशीनों की सहायता से सफाई कराई गई। इस अभियान में सांसद श्री विवेक बंटी साहू द्वारा बड़ा तालाब की सफाई की गई जिसमें बड़ी संख्या में आम जन शामिल हुए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर से हनुमान जी की बावली तक जल संरक्षण का संदेश देती हुई कलश यात्रा निकाली गई।

नगर निगम से नोडल अधिकारी श्री विवेक चौहान ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत शहर के कच्चे नालों की खुदाई, साफ-सफाई एवं पक्के नालों के जल प्रवाह को भी सुधारा गया। भूमिगत जल में बढ़ोत्तरी के प्रयास के लिए नलकूपों के पास रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य भी निगम द्वारा किया गया। इसके साथ ही विभिन्न जल स्त्रोतों जैसे कुआं एवं बावड़ी की साफ-सफाई का कार्य भी इस अभियान में किया गया। भरतादेव प्लांट के पास स्थित नाले की सफाई से निकली गाद का उपयोग खाद के रूप में शहर के पार्कों एवं पौधों में किया जा रहा है। इस अभियान में जल संरक्षण के विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी निगम सभाकक्ष में किया गया था। शनिवार को महर्षि स्कूल में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण इसके अंतर्गत किया गया।

सांसद विवेक बंटी साहू ने अमरवाड़ा पहुंचकर जताया आभार

प्रसिद्ध बरदिया हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनाव मे मिली इतिहासिक जीत के बाद सांसद विवेक बंटी साहू ने शनिवार को अमरवाड़ा पहुंचकर जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया। सर्वप्रथम श्री साहू वरदिया हनुमान मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने हनुमान जी की पूजा अर्चना की इसके बाद अमरवाड़ा नगर मे उनका जगह जगह अतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने अमरवाड़ा के ग्राम छुई सहकारी हिंगपानी चिखलीवाला सुखारी,पोनार व अन्य ग्रामो मे आयोजित आभार सभा को भी संबिधित किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक राजा कमलेश शाह , उत्तम सिंह ठाकुर लखन वर्मा,मोनिका बट्टी, उत्तम ठाकुर,नितिन तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीती तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन ललिता वर्मा, शैलेन्द्र पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता बालकृष्ण साहू गजेंद्र नेमा रज्जू चौरसिया दीपक नेमा विनोद चौरसिया,गोलू चौरसिया चैन सिंह जंघेला संतोष पटेल सुरेश साहू संतोष वर्मा सहित कई अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

एसपी त्रिपाठी ने 9 पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

पांढुर्ना । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ने सौसर पुलिस थाने का प्रभार एबी मार्सकोले को, मोहगांव थाने की कमान रूपलाल ऊईके को, दी है। बड़चिचोली चौकी में विक्रम बघेल की पदस्थापना की गई है। नांदनवाडी चौकी में आशीष भीमटे की स्थापना की है। पीपलानारायणवार चौकी की कमान नन्हेलाल मरावी संभालेंगे। वहीं सुभाष भलावी को लोधीखेड़ा पुलिस थाने में स्थानांतरित किया गया है।तीन अधिकारी को भेजा पुलिस लाइनपुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने 3 पुलिस अधिकारियों को पांढुर्णा पुलिस लाइन में भेजा है। जिनमें सौसर पुलिस थाने के प्रभारी रहे जितेंद्र बघेल, नांदनवाडी चौकी प्रभारी रहे लेखराम पहाड़े और लोधीखेड़ा थाने के उपनिरीक्षक सदानंद भारद्वाज शामिल हैं।

माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाई महेश नवमीं

वाहन रैली का जगह जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माहेश्वरी समाज छिंदवाड़ा के अध्यक्ष डॉ महेश कुमार चांडक ने बताया कि माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व शनिवार को भव्य कार्यक्रमों के साथ आयोजन स्व फत्तेनारायण राठी स्मृति माहेश्वरी भवन किया गया। माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मंडल, एवं माहेश्वरी नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में 15 जून को अभिषेक सुबह, वाहन रैली शहर के मार्गो पर वाहन रेली का स्वागत सामाजिक सदस्यों के साथ वैश्य महासम्मेलन छिंदवाड़ा, सकल दिगंबर जैन समाज, दिगंबर जैन समाज, राजस्थानी ब्राम्हण समाज, गांधी गंज व्यापारी मंडल, नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू, वार्ड न 17 के पार्षद बलराम साहू, गुजराती सचिव वनराज जडेजा द्वारा किया गया झांकी की सजावट ललित माहेश्वरी द्वारा की गई, डॉ सुशील राठी डॉ पंकज भूतड़ा ,डॉ राहुल कोठारी, एवं मानवता हॉस्पिटल में समाज के सदस्यों के लिए निशुल्क जांच शिविर किया गया , ब्लड डोनेशन कैंप मैं लगभग 45 सदस्यों ने रक्तदान किया नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित खेल कूद की प्रतियोगिताओ मैं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला मंडल द्वारा आयोजित किया गया, विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त सामाजिक सदस्यो एवं प्रवीण्य सूचि मैं आने वाले छात्रों को माहेश्वरी समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है लकी ड्रॉ अंबुजा सीमेंट की ओर से पुष्पा राठी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर मोहन लाल राठी एवं श्रीमती लक्ष्मी देवी राठी का साल श्री फल देकर सम्मान किया गया है महेश नवमी के पर्व पर सामाजिक सदस्यो से बढ़-चढ़कर हर कार्यक्रम में भाग लेकर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

पुलिस का जुआरियों पर धावा, 5 आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी ब्रजेश भार्गव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अजय मरकाम के नेतृत्व में पांढुर्णा पुलिस द्वारा ग्राम बोथिया के शासकीय प्राथमिक स्कूल के पास स्ट्रीट लाईट के नीचे जुआ खेला जा रहा था। इस हारजीत के खेल, खेल रहे 5 जुआरियो को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस द्वारा जुआरियो से कुल नगदी रकम 103000 रुपये, 52 ताश के पते एवं मो.सा. क्रमाक MP 28 MT 4416, एक स्विफ्ट कार क्रमांक MP 18 C 6174 को जब्त किया गया।पकडे गए आरोपियों में आकाश पिता मनोहर निकोसे निवासी ग्राम हिवरा सेनडवार जिला पांढुर्णा, इरफान पिता शेख रसीद निवासी ग्राम तीनखेडा जिला पांढुर्णा, प्रमोद पिता माधोराव वरटी निवासी ग्राम तीनखेडा जिला पांढुर्ना , शकीर पिता दीलावर शेख निवासी पिपलानारायणवार जिला पांढुर्णा तथा हरिचन्द पिता श्रावण बोरीवार निवासी ग्राम हिवरा सेनाडवार जिला पांढुर्णा शामिल है। जुआ फड पर कारवाई के दौरान थाना प्रभारी अजय मरकाम, हाइवे चौकी प्रभारी सउनि भुपेन्द्र सोनी, आरक्षक अनिल बघेल, आरक्षक अशोक हरसुले, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, आरक्षक दीपक अदानी, आरक्षक ओमवीर तथा सायबर सेल से आरक्षक अखिलेश हिंगवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अमरवाड़ा उप चुनाव को लेकर बैठक में हुई चर्चा

छिन्दवाड़ाः जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव को लेकर पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिले के पांच विधायकों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की साथ ही सभी से आग्रह किया कि वे पूरे समय अमरवाड़ा में जुटे रहें एवं प्रत्येक गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ायें।

पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में दिल्ली में सम्पन्न हुई इस बैठक में जिले की परासिया विधानसभा के विधायक सोहन वाल्मीक, जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, पांढुर्ना विधायक निलेश उइके, सौंसर विधायक विजय चौरे व चौरई विधायकी सुजीत चौधरी ने उप चुनाव को लेकर अपने-अपने विचार रखें साथ ही सुझाव भी दिये। पूर्व सांसद नकुलनाथ ने विधायकों के सुझाव पर सहमति जताई। पूर्व सांसद श्री नाथ ने उपस्थित विधायकणों से कहा कि चुनावी गतिविधियां तेज हो चुकी है।

एचडीपीएस पद्धति से कपास की खेती पर मर्राम में हुआ प्रशिक्षण

पांढुर्णा कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी पहुंचे, किसानों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर पांढुर्णा अजय देव शर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में पहली बार सघन रोपण प्रणाली (एच.डी.पी.एस.) पद्धति से कपास की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान नागपुर, सहयोगी संस्थान डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. एवं सृजन एनजीओ द्वारा सघन रोपण प्राणाली (एच.डी.पी.एस.) पद्धति से कपास की खेती के संबंध में आज पांढुर्णा जिले के विकासखण्ड सौंसर के ग्राम मर्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर पांढुर्णा श्री अजय देव शर्मा द्वारा क्लस्टर ग्राम डुकरोला, मर्राम एवं कराली के अनुसूचित जनजाति के चयनित कृषकों से एच.डी.पी.एस. पद्धति से सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताये अनुसार कपास की खेती करने के लिये प्रोत्साहित किया, जिससे किसानों को प्रति एकड अधिक उत्पादन होगा और कृषकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.रामाकृष्णा एवं केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान नागपुर डॉ.दीपक द्वारा कृषकों को एच.डी.पी.एस.पद्धति से कपास फसल उत्पादन के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। हल्की जमीन का चयन करते हुये कतार से कतार 90 सेन्टीमीटर एवं पौधे से पौधे की दूरी 15 सेन्टीमीटर के अंतराल पर फसल बोने के लिये कहा गया, जिसमें प्रति एकड 6 पैकेट बीज से 29000 हजार पौधे लगाये जायेंगे और पौधों की बढ़वार को नियंत्रित करने के लिये 45 दिन की फसल अवस्था पर प्लांट ग्रोथरेगुलेटर चमत्कार का उपयोग करने की सलाह दी गई।

उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा चयनित सभी 51 कृषकों को नवाचार के रूप में एच.डी.पी.एस. पद्धति से कपास की खेती के लिये प्रेरित किया गया, जिससे उन्हें डेढ़ से दो गुना अधिक उत्पादन प्राप्त हो सकेगा। डॉ.विजय पराडकर द्वारा वर्तमान में की जा रही कपास की खेती एवं एच.डी.पी.एस. पद्धति से कपास की खेती का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुये विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और कहा कि जिले की हल्की जमीन में एच.डी.पी.एस. पद्धति से कपास की खेती करना वरदान साबित होगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर पांढुर्णा श्री शर्मा, उप संचालक कृषि छिंदवाड़ा श्री सिंह, एसडीएम सौंसर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक सी.आई.सी.आर. द्वारा सभी चयनित 51 कृषकों को एच.डी.पी.एस. पद्धति से बोने के लिये उन्नत किस्मों के बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

महाविद्यालय परिसर के गेट में एकत्र हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छिंदवाड़ा के कार्यकर्ताओ के द्वारा आज शासकीय पीजी महाविद्यालय में क्षतिग्रस्त भवन एवं अध्ययनरत छात्र छात्राओ को आ रही समस्याओं के निराकरण हेतू महाविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने के प्राचार्य महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितता निम्न प्रकार है। इनमें महाविद्यालय भवन क्षतिग्रस्त है उसका पुन निर्माण शीघ्र अतिशीघ्र करवाया जावे।

महाविद्यालय में अध्ययनरत यू.जी एवं पीजी कक्षाओं के विद्यार्थियों जिन्हें प्रथम एवं द्वितीय अवसर पर एक व दो अंक से सप्लीमेंट्री व एटीकेटी दी गयी है उन विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका अवलोकन की सुविधा दी जाये। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्याथी जो ग्रामीण आंचलों एवं आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है उन विद्यार्थियों के लिये बसों की सुविधा प्रदान की जाये।

महाविद्यालय में अध्ययनरत एस.टी. / एस.सी. / ओ.बी.सी वर्गो के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति प्रदान की जाये।महाविद्यालय में प्रसाधन की उचित व्यवस्था की जाये एवं उसके साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाये। महाविद्यालय में आये दिन असामाजिक तत्वों के कारण छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना पड़ता है। अतः परिसर को कवर्ड किया जाये एवं महाविद्यालय के सामने जो खडा है। जो सड़क है उसमें वाहनों की आवाजाही के चलते विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः आपसे निवेदन है कि परिसर में गेट व प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाये।

कन्या छात्रावास में खेल प्रसाधन की उचित व्यवस्था की जाये। महाविद्यालय परिसर के सामने अभिभावकों के बैठने की उचित व्यवस्था की जायें। महाविद्यालय का पीछे जो बाउड़ीवाल क्षतिग्रस्त है उसका निर्माण कराया जाये। महाविद्यालय में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए साफ सफाई की उचित व्यवस्था एवं पेयजल की भी उचित सर्वथा की जाये।विद्यार्थी परिषद यह मांग करती हैं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र अति शीघ्र इस सभी विषयों में त्वरित कार्यवाही की जाए।

इस अवसर में जिला संगठन मंत्री सत्यम मानिकपुरी जिला संयोजक मोहित डेहरिया नगर मंत्री प्रतिमा डोहले नगर सहमंत्री कोस्तुव चौबे गौरीशंकर ठाकुर विहान सोनी विनयम उइके सत्यम पटवा पवन बेलवंशी अंकिता मांडेकर ईश्वर कुमरे संध्या बघेल सोनाली मालवी काजल खोबरे, अनुराधा डहेरिया, संध्या बघेल, वैशाली यूके दिलीप विश्वकर्मा अस्विन इरपाची, अभिजीत बेलवंशी, मंजू सरयाम, शैलेंद्र सल्लाम, योगेश बरकड़े , कैलाश नागवंशी एवं अन्य कार्यकर्ता व छात्र छात्राएं उपस्थित है।

देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आसान हुआ होम स्टे की बुकिंग करवाना

मेक माय ट्रिप में शामिल हुआ छिंदवाड़ा जिले का पर्यटन सावरवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से विकसित हो रहे छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी का रजिस्ट्रेशन अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी मेक माय ट्रिप में हो गया है। अब देश और विदेश के पर्यटक इस साइट पर जाकर भी सावरवानी के होम स्टे बुक कर सकते हैं। सावरवानी को मेक माय ट्रिप में लाने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल पर सावरवानी के होम स्टे संचालकों को भोपाल की प्रशासन अकादमी में दो दिन की ट्रेनिंग दी गई। इस ट्रेनिंग में टूरिज्म बोर्ड के डायरेक्टर श्री प्रशांत सिन्हा, रूलर प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुश्री प्रियंका सिन्हा और मेक माय ट्रिप के श्री दीपक कुमार ने होम स्टे धारकों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के आतिथ्य पर अपने विचार रखे। जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत ने बताया कि कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन ग्राम सावरवानी सहित अन्य सभी 9 पर्यटन ग्रामों में विकास कार्यों की रूपरेखा बनाई जा रही है। पर्यटन ग्राम देवगढ़, चोपना और काजरा में भी जल्द ही नए होम स्टे पर्यटकों के लिए खोले जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि विलेज वे, बैक टू विलेज संस्था के माध्यम से पर्यटन ग्रामों में होम स्टे में किफायती छूट योजना 20 जून तक लागू है, सावरवानी व देवगढ़ घूमने के इच्छुक पर्यटक समर स्पेशल योजना का लाभ उठा सकते हैं।

IPS COLLEGE
NEW SUBJECT COMBINATION
First time ever in the history of Higher Education IPS College, Chhindwara Introduces....
100% Placement Assistance
ESTD-2001 Service the Education Past 23 Year
B.C.A. With DATA SCIENCE CERTIFICATION
B.B.A. With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
B.A. With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
B.Com. With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
M.Com With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
M.Sc.CS With DATA SCIENCE CERTIFICATION
Biotechology B.Sc. & M.Sc. With Industry Ready Program
Microbilogy B.Sc. & M.Sc. With Industry Ready Program
Excellent Placement Record 97528-80383
In front of S.A.F. Gate, Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9329280383
www.ipschw.com

दो दिन पूर्व से मुनादी कराकर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के दिए थे निर्देश

माई मौसेरे की भावना के साथ हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया के द्वारा शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई । इस कार्यवाही में माई मौसेरे की भावना देखने को मिली । कहीं नाली के ऊपर से सारा अतिक्रमण हटा दिया गया तो कहीं नजर अंदाज किया गया ।नगर पालिका परासिय के द्वारा दो दिनों पूर्व से मुनादी कराकर दुकानदारों से सड़क और नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए । जिसके बाद शनिवार सुबह से ही नगर पालिका अमला पुलिस और अपना बुलडोजर साथ लेकर शहर में अतिक्रमण हटाने निकल पड़ा । थाने के पास से चांदामेटा रोड की तरफ सड़क और नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया गया । जिन दुकानदारों के टिन के शेड नाली तक लगाए गए थे , उन्हें हटाया गया । तहसील और जनपद के पास लगी सारी गुमठियां भी हटा दी गई । उसके आगे रेस्क्यू ऑफिस और न्यूटन सव एरिया ऑफिस के समीप भी गुमठियों को हटाया गया । इस बीच कहीं - कहीं कुछ गुमठियों को छोड़ दिया गया । जिसको लेकर कई लोगों ने सवाल भी खड़े कए , किंतु नगर पालिका प्रशासन अपनी सफाई में सिर्फ इतना कहता नजर आया कि , जो दुकान नाली के बाहर है , उन्हें नहीं हटाया गया है बाकी जो गुमटियां नाली और सड़क पर रखी गई थी उन्हें हटा दिया गया । बहरहाल नगर पालिका की इस कार्रवाई से कुछ हद तक अतिक्रमण से छुटकारा मिला है , पर दोबारा अतिक्रमण न हो इसके लिए भी नगरीय प्रशासन को चौकन्ना रहना होगा ।

योग वेदांत सेवा समिति ने लोगों को किया छाछ सेवा से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गौशाला खजरी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु निःशुल्क छाछ का वितरण किया गया । यह सेवा श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से सम्पन्न हुई ।समिति यह सेवा गत 23 वर्षों से निरंतर करते आ रही है । छाछ की आयुर्वेद में बड़ी भारी महिमा है । इसके सेवन से गर्मी से राहत के साथ साथ पेट के अनगिनत रोगों से भी छुटकारा मिलता हैं । छाछ एक आयुर्वेदिक औषधि है । शरीर का वाटर लेवल संतुलन में भी यह कारगर साबित होती है । समिति के लोग छाछ बनाने में देसी गाय का ही दूध इस्तेमाल करतें हैं । नगरवासियों को वर्ष भर इस सेवा का इंतजार रहता है । मार्च माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हुए यह सेवा जून माह के पखवाड़े तक जारी रही । महाशिवरात्रि , श्रीराम नवमी , अक्षय तृतीया के अलावा 4 जून को चुनाव परिणाम के दिन पुलिस के उच्च अधिकारियों के आग्रह पर चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों ने भी छाछ सेवा का आनन्द लेकर गर्मी से राहत पाई ।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

प्रतिवर्ष बच्चों का खेल के प्रति रूझान बढ़ाने के उद्देश्य से गर्मी की छुट्टीयों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जनजाति कार्यविभाग द्वारा निशुल्क ग्रीष्मकालीन समर कैम्पो का आयोजन किया जाता है,ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर उपलब्धि हासिल कर सके।इन कैम्पो के माध्यम से प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेलो की बारिकियों सिखाई जाती है। जिससे बच्चों में खेलो के प्रति और अधिक निपुणता आती । मध्यप्रदेश शासन जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग छिंदवाड़ा के जिला खेल अधिकारी श्री रामराव नागले जी के मार्गदर्शन व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य वी के पडोले,व कन्या स्कूल प्राचार्य एम के युवने व ब्लाक समन्वयक प्रकाश डेहरिया के नेतृत्व में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का समापन शनिवार को बिछुआ नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में किया गया। समापन अवसर पर अतिथि के रूप में श्री युवराज मा न मो डे (मा . शि क्ष क) , श्री बालगोविंद पंद्रे (स्वास्थ्य विभाग),कु.जमुना चौरिया (उमंग क्लीनिक परामर्श दाता),बलिराम डेहरिया,शिवचरण माटे,सहित अन्य उपस्थित रहे।खेल विभाग के ग्रामीण युवा समन्वयक प्रकाश डेहरिया ने प्रशिक्षण की उपयोगिता व आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकासखंड में दो खेल वालीबाल,कराते,का समर कैम्प लगाया गया था। जिसमें लगभग 75 से 80 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्साह व उमंग के साथ प्रशिक्षण लिया कैम्प में प्रतिभागी खिलाड़ियों को वालीबाल,कराते,योगा आदि खेलो का प्रशिक्षण 15 मई से 15 जून 30 दिनो तक दिया गया। खेल प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में ग्रामीण युवा समन्वयक प्रकाश डेहरिया,पीटीआई संजीव गौतम,सुधीर गौतम,श्रीमती लक्ष्मी डेहरिया,दीप्ति ठाकुर,अर्जुन कामडे,देवीप्रसाद डेहरिया,संध्या सरयाम,के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को स्वल्पाहार अधीक्षक,अधीक्षिका के द्वारा रोज दिया गया।समापन समारोह में खेल विभाग के द्वारा प्रशिक्षक को मानदेय व ट्रैकशूट दिया गया।

श्रीलंका में तुलसी ओरेहा ने जीता स्पेशल क्राउन का खिताब

परासिया। छोटे से शहर से किसी बड़े शहर में जाकर बहुत सारे लोगों में सबसे आगे रहना एक महत्वपूर्ण बात होती है। परासिया जैसे शहर से निकलकर श्रीलंका में आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में उन्होंने स्पेषल क्राउन का खिताब जीता। साथ ही उन्हे डेजलिंग डिवा इंटरनेषल का मिस क्विन इंटरनेषल खिताब भी दिया गया। डेजलिंग डिवा इंटरनेषन प्रतियोगिता श्रीलंका के बिषप कालेज आडीटोरियम में आयोजित की गई थी।इसमें 55 इंटरनेषनल माडल्स ने रैंप पर कैट वाक किया। खिताब जीतने के बाद आज परासिया लौटी तुलसी का लोगों ने स्वागत किया। तुलसी ने इस खिताब को अपनी जिंदगी का सबसे बडा उपहार बताया। तुलसी परासिया के वार्ड 12 में रहती है। कराटे में ब्लैक बेल्ट है। मेकअप आर्टिस्ट है। लंबे समय से वह मॉडलिंग में कैरियर बनाने के संघर्ष और मेहनत कर रही है। गोवा में डेजलिंग डिवा आफ इंडिया प्रतियोगिता में उन्हें मलिका ए ताज का खिताब दिया गया था। तुलसी ने कहा कि इस खिताब को जीतकर उसे अच्छा लग रहा है। वह चाहती है कि क्षेत्र की सभी महिलाओं की इच्छा ऐसे ही पूरी हो। उन्होंने इस अवार्ड को क्षेत्र की संघर्ष रत महिलाओं को समर्पित किया। तुलसी ने आयोजक विरोनिका माईकल, जयश्री नायर, शुभांगी जाडे को धन्यवाद दिया।

ईद पर्व शांति से मनाने हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आगामी ईद के पर्व को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाज के मुख्य लोगों को लेकर बड़कुही चौकी परिसर में बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें त्यौहार को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई । नमाज के टाइमिंग को लेकर , आपसी सौहार्द आदि को लेकर चर्चा हुई । त्यौहार में किसी भी तरीके कोई अड़चन न आए और भी अलग अलग ग्राम विकास शहर विकास को लेकर जन प्रतिनिधि अपने सुझाव दिए । सभी जगह ईद के जो समय थे उन्होंने अपना समय निर्धारित किया । जिससे कि वहां पर पुलिस मौके पर नमाज के समय मौजूद हो सके । अंत में चौकी प्रभारी अजय धुर्वे द्वारा सभी के प्रति आभार किया गया । बैठक में मुख्य रूप से चांदामेटा थाना प्रभारी अरुण मर्सकोले , बडकुही चौकी प्रभारी अजय धुर्वे , जन प्रतिनिधियों में भानु प्रताप ठाकुर , अंसार सिद्दीकी , साधना दास , मोहन भास्कर , कौशल कैथवास , पी डी साहू , रामचरण डेहरिया , मुनिराज इंदुरकर , मुकेश जौहरे अन्य सभी ग्रामों के जन्म प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

क्षेत्रवासियों की मदद से गौवंश को मिला जीवन दान

छिंदवाड़ा। नगर के वार्ड नंबर 18 राजेंद्र नगर में एक गौवंश तीन दिनों से बीमार था जिसकी क्षैत्र वासियों ने देख रेख की और भोजन पानी देकर उसका ध्यान रखा।शनिवार की दोपहर अचानक गौवंश की तबियत अधिक खराब हो गई और क्षेत्र वासी अहिंसा प्रेमी डॉ. शरद जैन एवं आशा यादव ने सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक अहिंसा प्रेमी दीपक राज जैन से मदद मांगी।दोपहर में 43 - 44 टेंपरेचर की भीषण गर्मी होने के बाद भी समाज सेवी दीपक राज जैन राजेंद्र नगर पंहुचे ओर गौवंश की स्थित नाजुक देख नव निर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू, नगर पालिक निगम सहित पशु विभाग से मदद मांगी।श्री जैन के निवेदन पर मात्र 15 मिनिट के अंदर नगर निगम छिंदवाड़ा की टीम सहित पशु विभाग के चिकित्सक राजेंद्र नगर पहुंचे और गौवंश का उपचार किया, उसे इंजेक्शन लगाकर उसके बीमारी के लक्षण जाने तब पता चला की शायद गौवंश की रेविश हो सकता हैं।

दिव्यांग जन कल्याण संघ की विशेष बैठक सुरक्षा व्यवस्था सहित अहम मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

दिव्यांग जन कल्याण संघ ग्राम भानेगांव में 14 जून को संघ की संरक्षक श्रीमती परमिला देवी चरण ठाकरे के निवास स्थान पर बैठक संपन्न हुई। जिसमे संघ के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई बैठक में चर्चा के दौरान सचिव रुपेश कूथे ने संघ द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी से संरक्षक महोदय को अवगत कराया बैठक में अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने संघ के कार्य योजना पर अपने विचार व्यक्त किये अपने निष्ठावान सदस्यों को दिव्यांग जनों के निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद किया एवं सुरक्षा संबंधित चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष तन्मय मिश्रा. उपाध्यक्ष वीरेन्द्र ठाकरे कोषाध्यक्ष जितेंद्र रावते, डूलेंद्र किसान हरिशंकर कूथे सचिव रुपेश कूथे , जगदीश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

29 वर्षीय युवक का कुंए में मिला शव, हादसा या आत्महत्या बना सवाल

हरिभूमि न्यूज कटंगी। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोपली में एक 29 वर्षीय युवक का शव खेत के एक कुंए में मिला है. पुलिस ने शनिवार की दोपहर को शव बरामद किया. वहीं शाम को शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस हादसा और आत्महत्या जैसे ऐंगल जोड़कर पूरे मामले की जांच कर रही है. मिली जानकारी अनुसार बोपली निवासी पंकज बोपचे का शव दुर्गा प्रसाद पटले के खेत में बने कुंए से बरामद किया गया है. बताया जा रहा है कि पंकज बोपचे शुक्रवार की रात करीब साढ़े 09 बजे भोजन करने के बाद खेत की तरह गया हुआ था. आज सुबह जब पंकज के परिजन खेत की तरह मवेशी चराने के लिए गए तो दोपहिया वाहन खड़ा दिखाई दिया जबकि पंकज का कहीं कोई पता नहीं चल रहा था. जिसके बाद परिजनों ने खेतों में बने कुएं में तलाश शुरू की तो देखा कि दुर्गा प्रसाद पटले के खेत में बने कुएं के पास पंकज की चप्पल है. नीचे झांककर देखा तो पंकज का शव पानी में तैर रहा था. ग्रामीणों की माने तो पंकज का करीब 04 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था. ड़ेढ़ वर्ष का एक बालक है जबकि पत्नी अभी गर्भवती है. इस घटना के बाद पंकज की पत्नी का बहुत बुरा हाल है।

रेत माफियाओ ने नदियों को लुटकर जल का वाटर लेबल किया कम - विवेक पटेल

वृक्षारोपण कर प्रदेश को करे हरा-भरा - प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नदियाँ हमसे कुछ नही मांगती है, वह हमें भरपूर देती है, हमारी अनेक आवश्यकताओ की पूर्ति करती हैं। आज हमें नदियों को बचाने की नितांत आवश्यकता है। उक्ताशय के उदगार प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नमामि गंगे योजना के तहत जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे पखवाड़े के अवसर पर ग्राम रमरमा में कास नदी के उदगम स्थल के दर्शन के बाद आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

विदित हो कि मध्यप्रदेश में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 16 जून तक गंगा जल संवर्धन पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत प्रदेश के हर शहर, गाँव मे अभियान चलाकर जल स्त्रोतों की साफ सफाई करने के साथ नागरिकों को पानी बचाने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

बालाघाट जिले के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान मंत्री प्रहलाद पटेल वारासिवनी विधानसभा के रमरमा गांव पहुचे। जहाँ उन्होंने पौधरोपण करने के साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें जल और जंगल की महत्त्वता को विस्तार से समझाया। श्री पटेल ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की आज हम सभी को अहसास हो रहा हैं कि हमारे जीवन में वृक्ष का कितना महत्व हैं। मैं अभी तक 23 नदियों के उदगम स्थल पर जा चुका हूँ । मुझे लगता हैं ये मेरे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं बालाघाट का सांसद रहा, मगर ग्राम रमरमा कभी नही आया। मैं पहली बार ग्राम रमरमा महादेव की नगरी में आया हूँ। उन्होंने कहा कि कोई नदी जहाँ से निकलती हैं और जहाँ वो समाप्त होती हैं। उस बीच में आने वाले सभी ग्रामो, नगरों के निवासियों की जरूरतों को पूरा करती जाती है, लेकिन उनसे कुछ लेती नहीं है। मगर फिर भी हम उन्हें बचाने का प्रयास नही करते हैं। मुझे नही लगता की कोई नदियों को बचाने आगे आया होगा। मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि 5 जून से 16 जून तक यह अभियान चल रहा हैं, ज्यादा से ज्यादा लोग वृक्षारोपण करे, मैं भी हर वर्ष हजारों पेड़ लगाता हूँ।

पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक करे वृक्षारोपण - विधायक पटेल

वारासिवनी - खैरलाँजी विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार जल को बचाने के लिए अनुकरणीय प्रयास कर रही हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे मानव हित के इस अभियान में राजनीति से परे हट कर हम सब को अपना अपना शत प्रतिशत योगदान देना होंगा। तभी हम लगातार क्षरण होते पर्यावरण और लगातार घटते जल स्तर को थाम सकते हैं। वर्ना आने वाला समय हमारे और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद खतरनाक होंगा।

नदियों को रेत माफिया कर रहे, छलनी कैसे बचेंगा जल: विधायक पटेल ने वारासिवनी - खैरलाँजी क्षेत्र की नदियों से मनमानी तरीके से रेत के अवैध खनन पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि अवैध खनन कर नदियों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवैध रेत खनन की शिकायत के बाद भी अधिकारी कार्यवाही करने के बजाए उनको बचाने का कार्य करते हैं। ऐसे में एक ओर हम ग्रामीणों के साथ नदियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन शासन का प्रशासनिक तंत्र रेत माफियाओं का साथ देकर नदियों को समाप्त करने का प्रयास कर रहा हैं। इन रेत माफियाओं और जिम्मेदार अधिकारियों की वजह से हमारे क्षेत्र की जीवनदायिनी पवित्र चंदन नदी धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोते जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि रेत चोरी की खबर पर मैं खुद अवैध रेत घाट में पहुँच कर कार्यवाही करवाता हूँ। मैं शासन प्रशासन से चाहुँगा कि अवैध रेत घाटों पर कार्यवाही कर नदियों को लुटने से बचाये। सरकार में बैठे जिम्मेदारों और सभी से आग्रह करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाए, पानी व्यर्थ ना बहाये, ज्यादा से ज्यादा पानी को बचाये, जल को संरक्षित रखे, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए।

वृक्षरोपण के साथ- साथ उसकी देखभाल करना भी जरूरी-भारती पारधी

बालाघाट सांसद भारती पारधी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया जाता हैं। प्रदेश में ऐसे कई स्थान हैं, जहाँ ना ही प्रशासन पहुंच पाया हैं और ना हम पहुंच पाए हैं। हमारी सरकार का हर व्यक्ति उस उदगम स्थल पर पहुंचकर उन्हें बचाने का प्रयास करता हैं। नदियों की साफ- सफाई करना भी हमारी जवाबदारी हैं। उन्हें गंदा भी हम लोग करते हैं, आज तापमान बढ़ने का यही एक कारण हैं कि हम वृक्ष की कटाई करते हैं, मगर एक भी पेड़ लगाते नही हैं। जिसका परिणाम भी हमें मिल रहा हैं, हमारे क्षेत्र में जल का वाटर लेबल बहुत नीचे की ओर जा रहा हैं। हम वृक्षारोपण कर पानी को बचा सकते हैं, जिसके भी घरो में कोई भी कार्यक्रम होता हैं, तो हर व्यक्ति वृक्षारोपण जरूर करे, हमें वृक्षारोपण के साथ साथ उसकी देखभाल भी करना है।

सरकार के सहयोग से विकास की गति की बढ़ायेगे आगे- प्रदीप जायसवाल

पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण की चिंता हम सभी नही बल्कि भारत का हर नागरिक कर रहा हैं। आक्सीजन हमें इन पेड़ो से मिलती हैं और हम जो कार्बनडाइक्साइड छोड़ते हैं, उन्हें पेड़ ग्रहण करते हैं। अगर ये कार्बनडाइक्साइड वातावरण में घुल जाये, तो पूरा वातावरण जहरीला हो जायेगा। अगर ऐसे ही पेड़ो की कटाई होते रहेगी, तो तापमान 50-60 डिग्री हो जायेगा। इसलिए हम सभी लोग ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करे और उनकी देखभाल भी करे।

एसएसपी महाविद्यालय ने दिया जल संरक्षण का संदेश

बालाघाट। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएस गेडाम के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा पराते के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नदियों, तालाबों, कुआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के प्रति क्रियाशीलता दिखाई गई। अभियान में एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम सिकंदरा में स्थित चंदन नदी के तट पर जाकर नदियों में कूड़ा, करकट, पॉलिथीन, अन्य सामग्रियो को बाहर निकालकर तट से दूर किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को जागरूकता का संदेश देते हुए नदियों के संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने के लिये स्वयं सेवकों द्वारा प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयं सेवक अतुल घोड़ेश्वर, दीपेश उंधीरवाड़े, नंदिनी, रानू ,विवेक मेश्राम, सुजल, राजकुमार, निकिता, संजना, रजनी, तनु, रजनी, आरजू व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कटंगी में बनेगा सरस्वती शिशु मंदिर : लोक सेवा आयोग अध्यक्ष राजेश मेहरा के हस्ते हुए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बच्चों को देशभक्त बनाने और अज्ञानता को दूर कर मानवता की सेवा का भाव जागृत करने के मुख्य उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित विद्या भारती महाकौशल प्रांत जबलपुर के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर की एक इकाई की कटंगी में भी स्थापना होगी. इस विद्यालय के निर्माण के लिए धनेन्द्र चौधरी ने भूमि दान की है. जिसका भूमिपूजन शनिवार को मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग अध्यक्ष प्रो. राजेश लाल मेहरा, सेवानिवृत्त प्राचार्य कार्यक्रम अध्यक्ष के.एल.भगत, विशेष अतिथि वैज्ञानिक डीआरडीओ मानिक लाल पटेल और सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में हुआ. भूमि पूजन समारोह में बालाघाट-सिवनी सांसद भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी ने भी शिरकत की. इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाकौशल पदाधिकारी आनंद पारधी, डॉ नरेन्द्र भैरम सहित आरएसएस और भाजपा पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद रहे। विद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. राजेश लाल मेहरा ने अपने 22 साल पुराने अनुभवों को साझा किया और उस वक्त के शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थियों को याद किया. उन्होंने कहा कि जब वह कटंगी उन्होंने कहा कि जब कोई विद्यार्थी सफल होता है तो वह अपनी सफलता का श्रेय उन शिक्षकों को देता है जहां से विद्यार्थी उच्च शिक्षा अर्जित करते है और उनकी सफलता का जश्न कोचिंग संस्थानों में मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी सफलता का सही श्रेय प्राथमिक शिक्षकों को देना चाहिए जो उंगली पकड़कर और कई विपरित परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का काम करते है. उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मानव सेवा सहित उच्च नैतिकता, विचार का लचीलापन, आज्ञाकारिता, ईमानदारी, हमारे देश की समृद्ध संस्कृति के बारे में पढ़ाया जाता है. भूमिपूजन समारोह में सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई. इसके बाद वरिष्ट सेवानिवृत्त शिक्षक टेकचंद चौधरी, रामचंद तुरकर, आलम राहंगडाले, डोलचंद चौधरी, शंकरलाल पटेरिया, तुकाराम मर्सकोले, दमनसिंह राहंगडाले, पतिराम नेवारे, पी.आर.पटले, जी.आर.पटले, घनश्याम गजभिए, महेन्द्र देशमुख, सुश्री सुनीता वर्मा, डी.एल.गोलेन्द्र का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन ने मवेशियों को मारी टक्कर एक की मौत, 8 घायल

लखनादौन-जिले के लखनादौन थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 नागपुर से नरसिंहपुर के बीच ग्राम गंगई के पास अज्ञात देर रात्रि वाहन ने 11 भौसों को टक्कर मार दी। जिसमें एक मवेशी की मौके पर मौत हो गई। साथ ही 8 मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गंगई के समीप कुछ मवेशी सड़क के किनारे बैठी थी जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मवेशियों को टक्कर मार दी इस हादसे में 1 मवेशी की घटना स्थल पर मौत हो गई। और अन्य मवेशी घायल हो गई। जिसके कारण रास्ते मे लंबा जाम लग गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने लखनादौन पुलिस व 100 डायल को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाया। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी को भी जानकारी दी गई। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो का आना-जाना अधिक होता है। यदि घटना के समय लोग मौजूद रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है। टक्कर मारकर फरार होने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

गौशाला कन्हैया खुर्सीपार लखनादौन में विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लखनादौन। गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित गौशाला कन्हैया खुर्सीपार लखनादौन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी के अवसर पर आयोजित हो रहा है और इसे गौवंश रक्षा वर्ष के अंतर्गत शामिल किया गया है। कार्यक्रम में जिले की समस्त गौशालाओं के संचालक एवं अध्यक्ष आमंत्रित हैं। अरुण पांडे इस कार्यक्रम के संचालक होंगे, जबकि आनंद तिवारी अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गौवंश की रक्षा और संवर्धन को बढ़ावा देना है। जिला सिवनी अंतर्गत सभी गौशालाओं के संचालन कर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल हों और पूर्व निर्धारित प्रपत्र में जानकारी उपलब्ध कराएं।

21 को मनाया जायेगा दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

सिवनी। म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क्र./ एफ 5-4/2022/1/4/ भोपाल दिनांक 11.06.2024 एवं लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल का पत्र क्र./ अकादमिक/ अं.यो.दि./ 2024/860 भोपाल दिनांक 10.06.2024 के निर्देशानुसार दिनांक 21 जून 2024 को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बृहद आयोजन जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाना है। इन कार्यक्रमों में स्कूलों कॉलेजों के विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न योग संस्थान, एन.सी.सी., एन.एस.एस., पुलिसकर्मी, शासकीय सेवकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से सम्पन्न किया जाना है। अतः समस्त विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट प्राचार्य एवं समस्त शासकीय/ अशासकीय प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया है कि कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने-अपने क्षेत्र एवं शिक्षण संस्था में कार्यक्रम के आयोजन हेतु अन्य विभागों, योग एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित कर योग अभ्यास प्रारम्भ करें। इसी क्रम में दिनांक 21 जून 2024 को प्रातः 06.00 बजे से जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम फुटबॉल स्टेडियम बैडमिन्टन हॉल सिवनी में आयोजित किया जावेगा। समस्त जनप्रतिनिधि गणमान्य एवं जनसामन्य नागरिकों से अनुरोध है कि 21 जून 2024 को आयोजित होने वाले अपने निकटतम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हो कर सहभागी बनें।

मां पर अपशब्दों का प्रयोग कर गाली देने के कारण नाती ने की दादी की हत्या

जिले के बरघाट पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बोरीकला में गत दिवस एक महिला की ठोस वस्तु से मारपीट कर हत्या करने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहां मृतिका फूलवंता बाई कोसरे 60 वर्ष का शव मृतिका के मकान के एक कमरे में मिला। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही के दौरान हत्या का अपराध होना पाये जाने पर धारा 302,201 के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

सिवनी

थाना प्रभारी मोहनीश बैस के द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश पतासाजी की गई। संदेह के आधार पर मृतिका फूलवंता बाई के नाती सचिन पिता कृष्णकुमार कोसरे उम्र 23 साल निवासी बोरीकला जो मौके से फरार हो गया था जिसे पुलिस द्वारा अलग अलग टीम बनाकर घेराबंदी कर हिरासत मे लिया गया। जिसने पूछताछ पर जुर्म करना स्वीकार किया एवं बताया कि दादी फूलवंता द्वारा मां को अपशब्दो का प्रयोग कर गाली देने के कारण आरोपी द्वारा कुल्हाडी से सिर में मारकर हत्या करना एवं कुल्हाडी को घर में छिपा देना बताया। आरोपी सचिन कोसरे को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, उनि. इंजनसिंह मर्सकोले,, प्र.आर.372 अमर उइके, प्र.आर. 147 बालचंद घोरमारे, प्र.आर.466 ललता प्रसाद पटले, प्र.आर.310 प्रभुदयाल बिसेन, आर.249 राजेन्द्र कटरे, आर. 726 प्रवीण ठाकरे आर.क्र.593 मुकेश नवरेती, आर.734 उलेश कटरे, आर. 575 नेपेन्द्र चौधरी, आर. 475 फय्याज, आर.461 विनोद भगत, आर.370 उपेन्द्र नागभिरे आर.491 लक्ष्मी चन्द्रवंशी, आर. 206 कमलेश एडे एवं डायल 100 चालक चैतराम पटले का विशेष योगदान रहा।

बेटे ने की डंडे से पीट-पीटकर पिता की हत्या

सिवनी

जिले के घंसौर थाना अंतर्गत सुचानमेटा गांव में जमीन की बात को लेकर पिता और बेटे में बुधवार रात में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा गया कि बेटे ने डंडे से पीट-पीटकर पिता को घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिता ने अपने नाम की जमीन बेटे को बताए बिना बेच दी, जिससे पुत्र नाराज था और इस बात को लेकर दोनों में बहस होने लगी और बात मारपीट तक पहुंच गई। इस मारपीट में पिता सुमेरीलाल बुरी तरह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने घंसौर पुलिस को दी।सुसराल से लौटकर की मारपीट पुलिस ने बताया कि सुमेरी उइके का एक पुत्र काशीराम उइके तथा 2 बेटियां हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। काशीराम शादी के बाद कई वर्षों से अपने ससुराल बिनेकी मुंडा ग्राम में रह रहा था। जब उसे पता चला कि उसके पिता 1 एकड़ जमीन बिना उसे बताए बेच रहे हैं, तो वह सुचनमेटा पहुंचा और पिता से कहने लगा कि जमीन क्यों बेच रहे हैं। इस बात पर दोनों झगड़ने लगे जिसके बाद काशी ने लाठी से पिता सुमेरी को पीटना शुरू कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।जमीन बेचने की बात पर नाराज था बेटा घंसौर एसडीओपी नम्रता सौंधिया ने बताया कि सुचानमेटा निवासी काशीराम उईके उम्र 30 वर्ष ने जमीनी विवाद पर अपने 55 वर्षीय पिता सुमेरीलाल की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक सुमेरीलाल ने अपने नाम की जमीन को किसी दूसरे को बेच रहा था। जबकि उसका इकलौता पुत्र काशीराम जमीन को न बेचने की जिद पर अड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

तंबाकू बेचने वाले 19 दुकानदारों पर 3800 रुपए की चलानी कार्रवाई की

सिवनी। जिले में इन दिनों स्कूलों के पास तंबाकू बेचने वालों और सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू का सेवन करने वालों पर अंकुश लगाने निरीक्षण और पर्यवेक्षक दल सक्रिय नजर आ रहा है। जहां शुक्रवार को निरीक्षण और पर्यवेक्षक दल ने बरघाट में पहुंचकर स्कूलों के पास दुकानों में दबिश दी और तंबाकू बेचने वाले 19 दुकानदारों पर 3800 रुपए की चलानी कार्रवाई की। साथ ही धूम्रपान करने वाले लोगों को समझाइश दी।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी शांति डहरवाल ने बताया कि लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान से बचाने जागरूकता का प्रयास किया जा रहा है और अभियान चलाया जा रहा है। कई स्थानों से शिकायत मिल रही है कि स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के पास 100 गज के दायरे परतंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। यहां लोग सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू का सेवन कर हैं। जिन पर चलानी कार्रवाई के साथ समझाइश भी दी जा रही है। इस कार्रवाई में जिला नोडल अधिकारी शांति डहरवाल, कुसुम चंद्रवंशी, धर्मेंद्र धुर्वे और पुलिस विभाग से सुखराम उइके शामिल रहे।

बरघाट पुलिस द्वारा गौमांस विक्रय करने ले जाने वाले आरोपियो पर की गई कार्रवाई

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी.डी. शर्मा के द्वारा जिले मे चल रहे अवैध गतिविधियो पर नियत्रंण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना / चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 15/06/2024 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मोटर सायकल MP22MB4135 का चालक मोटर सायकल मे पेट्रोल टंकी के ऊपर सफेद रंग का बडा थैला मे अवैध गौमांस भरकर ग्राम बोरी कला से अवैध गौमांस विक्रय करने के लिये बरघाट की ओर लेकर आ रहा। उक्त सूचना की प्राप्ति पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर बताए गये स्थान पर रवाना हो गदमनाला के पास मेनरोड पर हम. स्टाफ एवं गवाह के बोरीकलॉ तरफ से आ रहे मोटर सायकल MP22MB4135 के चालक को हिकमत अमली से रोककर पूछताछ की गई जिसने अपना नाम अतीक पिता हफीज खान उम्र 28 साल नि. पत्थरटोला बोरीकला थाना बरघाट का रहने वाला बताया। मोटर सायकिल की टंकी मे रखी बोरी को गवाहों की उपस्थिति में चेक करने पर करीब 35 किलो. गौमांस होना पाया गया। आरोपी से पूछताछ पर बरघाट निवासी मनोज सिंघारे पिता हरीलाल सिंघारे चम्हारी मोहल्ला बरघाट को गौमांश विक्रय हेतु देने लेकर जाना बताया जो आरोपी के कब्जे से 35 किलो. गौमांस, गौमांस काटने मे प्रयुक्त कुल्हाडी, एवं गौमांस परिवहन में प्रयुक्त मो.सा. डिस्कवर MP22MB4135 जप्त किया गया है। आरोपीगण के विरूद्ध थाना बरघाट मे धारा 429,34 भादवि., 11(1)(घ) पशु क्रु. निवा. अधि. एवं 4, 5, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रति. अधि. का अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। नाम पता आरोपीगण - 1. अतीक पिता हफीज खान उम्र 28 साल नि. पत्थरटोला बोरीकला थाना बरघाट 2. मनोज सिंघारे पिता हरीलाल सिंघारे निवासी चम्हारी मोहल्ला बरघाट जप्ती सामग्री - 1. 35 किलो. गौमांस कीमत 3500 रूपये का 2. मो.सा. डिस्कवर MP22MB4135 3. गौमांस काटने मे प्रयुक्त कुल्हाडी।

सराहनीय कार्य – थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, सउनि. सुबोध मालवीय, प्र.आर.372 अमर उइके आर.593 मुकेश नरवेती, आर.क्र.575 नेपेन्द्र, आर. 805 उमेन्द्र खरे, आर.461 विनोद भगत, आर.249 राजेन्द्र कटरे, आर. 370 उपेन्द्र नागभिरे, आर.क्र.783 केशरीनंदन ऐडे का विशेष योगदान रहा।

महाविद्यालय में प्राध्यापक के साथ हुए जानलेवा हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

सिवनी

शासकीय महाविद्यालयीन शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई सिवनी द्वारा बैतूल महाविद्यालय में प्राध्यापक के साथ हुए जानलेवा हमले के विरोध में महामहीम राज्यपाल महोदय एवं आयुक्त उच्च शिक्षा के नाम दिया ज्ञापन दिनांक 14.06.2024 को शासकीय जे.एच. महाविद्यालय बैतूल के एक सहायक प्राध्यापक डॉ नीरज धाकड़ सहायक प्राध्यापक संस्कृत के साथ कुछ बदमाश तत्वों ने महाविद्यालय में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट किया है। जिसके विरोध में शासकीय महाविद्यालयीन शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई सिवनी द्वारा इसके विरोध में महामहीम राज्यपाल महोदय एवं आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ नीरज धाकड की तबियत अत्यंत चिंता जनक बनी हुई है। मिडिया के माध्यम से डॉ नीरज धाकड़ ने बेहोशी की हालत से बाहर आने पर उनके साथ हुई घटना के बारे में बताया कि 5 बदमाश तत्व मेरे विभाग

(संस्कृत) में लाठी डंडों के साथ आए। मेरी आंखों में मिर्ची झोंककर मुझे डंडों व लाठी से सिर पर मारने लगे। कई डंडे सिर पर लगने के कारण मैं बेहोश हो गया उसके बाद भी मारते रहे। मेरे दोनों हाथ व पैरों में फ्रेक्चर है एवं सिर पर गंभीर चोट है। महाविद्यालय के सीसीटीव्ही कैमरों में मारपीट में शामिल बदमाश तत्व बकायदा लाठी डंडों के साथ मारपीट करत हुए एवं मारपीट के बाद बाहर निकलते हुए पहचाने जा सकते है।इकाई के अध्यक्ष डॉ डी पी ग्वालवंशी ने बताया कि प्रायः संज्ञान आया है कि अधिकांश महाविद्यालयों में बाहरी असामाजिक तत्वों के द्वारा प्राध्यापकों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। लेकिन प्राध्यापक डर की वजह से कानूनी कार्यवाही नही करते। लेकिन उक्त घटना से प्रदेश के समस्त कॉलेजों में कार्यरत समस्त प्राध्यापकों में डर एवं दहशत का माहौल है। प्राध्यापक के साथ की गई उक्त घटना निंदनीय है। शासकीय महाविद्यालयीन शिक्षक संघ ने उक्त घटना की पुनरावृत्ति न हों इसको दृष्टिगत रखते हुए घटना में शामिल बदमाशों के विरूद्व कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन देने में जिला इकाई सचिव डॉ वासनिक, डॉ अरविंद चैरसिया, डॉ एम सी सनोडिया, डॉ मानसिंह बघेल, डॉ सीमा मर्सकोले, डॉ राधेश्याम डेहरिया डॉ शशीकांत नाग, श्री अनिल बिंझिया, श्री के के बरमैया एवं सभी प्राध्यापक उपस्थित रहें।

नमामी गंगे परियोजना जल संरक्षण अभियान में पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने किया सहयोग

सिवनी। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी द्वारा नमामि गंगे परियोजना (जल संरक्षण अभियान) के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तत्वाधान में महाविद्यालय की एन.एस.एस इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अहिरवार / प्रो. गनेश मंतारे के मार्गदर्शन में सिवनी शहर के आसपास जल स्रोतों का प्रबंधन एवं संरक्षण , पर्यावरण संरक्षण करने से संबंधित जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए दलसागर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। दिनांक 5 जून से 16 जून 2024 तक चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान का उद्देश्य जल के स्रोत नदियां, तालाब, कुआँ बावड़ी और जल संरचनाओं की साफ सफाई एवं गहरीकरण कर जल संवर्धन के अभियान मे सहयोग प्रदान करना है । आज नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत एन.एस.एस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुए दलसागर के आसपास के दुकानदारों एवं नागरिकों को प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े के थैले का इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गई और सभी को बताया गया कि प्लास्टिक का इस्तेमाल प्रकृति के लिए जहर है। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल प्रकृति के लिए अत्यंत घातक है यह हमारे आसपास के वातावरण के साथ हमारे जल को भी प्रदूषित कर रहा है अतः हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम प्लास्टिक से हो रहे जल प्रदूषण को भी रोके। इस अवसर पर एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गनेश मंतारे एवं डॉ. पूनम अहिरवार द्वारा छात्र छात्राओं , आम नागरिकों से प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने एवं जलाशय के आसपास कचरा ना फैलाने संबंधी अपील की गई ताकि हम सभी हमारी प्रकृति के समायोजन कर सकें, हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं खूबसूरत बना सकें और अपने आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण कायम करके उनके सुखद भविष्य का निर्माण कर सकें।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थानीय रपटा घाट में घाटों से हटाई काई एवं पत्थरों को समेट कर बनाई मेड़

जिला प्रशासन एवं प्रबुद्ध नागरिकों के सामूहिक सहयोग से चला रपटा घाट में सफाई अभियान

मण्डला। प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थानीय रपटा घाट में तीन दिवसीय सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष, सीएमओ नगरपालिका, जिले के प्रबुद्ध नागरिक, समाजसेवी, नगर पालिका परिषद मंडला की टीम के सामूहिक सहयोग से मिलकर स्थानीय रपटा घाट में नीचे घाटों में जमी काई को साफ किया एवं जेसीबी मशीन के माध्यम से नदी में रखे हुए पत्थरों को समेट कर मेड़ बनाई। जिससे नदी में स्नान करने आ रहे नागरिकों को असुविधा नहीं हो एवं पानी का बहाव भी व्यवस्थित बना रहे। इसके साथ ही नागरिकों के द्वारा घाटों में जगह-जगह रखी हुई भगवान की छोटी-छोटी मूर्तियां को समेट कर एक जगह एकत्रित किया गया। इस अभियान में नगर पालिका परिषद की टीम, वृक्षारोपण समिति, समाज सेवी एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिक पुरुष एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहे। इसके साथ ही इस अभियान में श्रमदान करके सहयोग किया। घाटों की सफाई के साथ यहां आ रहे लोगों को भी गंदगी नहीं फैलाने के लिए प्रेरित किया गया एवं सभी के सहयोग से मां नर्मदा के घाटों में साफ सफाई रहे इसके लिए अपेक्षा की गई। बताया गया कि मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, इसके लिए सभी स्थानीय नागरिकों से श्रमदान के सहयोग के लिए अपेक्षा की गई।

गाद निकालने तालाबों में उतरी जेसीबी, गंगा दशहरा पर होंगे आयोजन

बालाघाट।जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और जल स्त्रोत संवर्धन के कार्य किये जा रहें है।इसके अलावा श्रमदान और जनभागीदारी से भी साफ सफाई के साथ ही अलग अलग कार्य किये जा रहें है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा से पूर्व से प्रचलित कार्यो को अभियान के दौरान अधिकांश कार्यो को पूर्ण करने का भी लक्ष्य रखा गया। जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा ने गुरुवार को आयोजित हुई बैठक में बताया कि अब तक मनरेगा के 5507 कार्यो में से 1166 कार्य पूर्ण हो चुके है। इसमें सबसे अधिक कार्य लघु तालाब और खेत तालाब है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा दिये गए निर्देशों पर शुक्रवार से जनभागीदारी से तालाबों की गाद निकालने का कार्य भी प्रारम्भ हो गया है।जल गंगा संवर्धन अभियान में पहली बार हुआ है कि गाँवो में ऐसे स्थल जहां बारिश में कीचड़ और पानी भरा रहता है। ऐसे स्थलों का प्रमुखता से चिन्हाकंन करके उसके आस पास साफ सफाई करने के अलावा रिचार्ज और सोखता गड्ढे बनाए गए। इसका प्रभाव बारिश में देखने को मिल सकेगा। साथ ही प्राचीन कुओं की सफाई भी प्रमुखता से की गई। कई प्राचीन और सार्वजनिक कुओं की सफाई करने के साथ ही कीचड़ व गाद भी निकाली गई। इसी तरह लांजी की 200 वर्ष पुरानी बावड़ी की भी सफाई कर पुराना स्वरूप लौटाने के प्रयास किये गए। जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा ने बताया कि अभियान के दौरान नए कार्य भी स्वीकृत किये गए है। ये नए कार्य पौधरोपण के है।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री आज बालाघाट प्रवास पर होंगे

बालाघाट। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज शनिवार को बालाघाट जिले के प्रवास पर होंगे। उनके दौरे कार्यक्रम अनुसार वे शनिवार प्रातः 8:30 बजे सिवनी पेंच राष्ट्रीय उद्यान से प्रस्थान कर 9:30 बजे बावनथड़ी नदी के उद्गम स्थल शाखा देही (कुरई) पहुचकर जल गंगा संवर्धन अभियान पर जनसमुदाय से चर्चा करेंगे। यहाँ से 10:15 बजे वे ग्राम कोडवी कटंगी से प्रस्थान कर 11:15 बजे चंदन नदी के उद्गम स्थल ग्राम अम्बामाई नहलेसरा (कटंगी) पहुचकर जनसमुदाय से भेंट करेंगे। 12:30 बजे कास नदी के उद्गम स्थल ग्राम रमरमा वारासिवनी में जनसमुदाय से चर्चा कर दोपहर 2 बजे बालाघाट पहुचेंगे व रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

सट्टा एक्ट में बीजाडांडी के दो सटोरी पर दबिश आरोपियों के कब्जें से 10 हजार 850 रूपए किए जब्त

मण्डला। मंडला पुलिस अवैध कारोबार, अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी केचलते थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा टीम गठित कर सट्टा पट्टी का खेल खिलाने व लिखने वालो के विरूद्ध दबिश देकर कार्यवाही की है।

जानकारी अनुसार ग्राम बीजाडांडी के क्षेत्रीय ग्रामीण बैक के बाजू से आरोपी विमलेश बर्मन पिता स्व. फागू लाल बर्मन 42 साल निवासी ग्राम बीजाडांडी जिला मंड़ला के कब्जे से एक अंक लिखी सट्टा पट्टी, जुमला रकम 7700 रूपये और एक नीले रंग का डॉट पेन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ग्राम खूटापडाव सलैया रोड़ से आरोपी आशोक यादव पिता संतोष यादव 29 साल निवासी ग्राम बीजाडांडी के कब्जे से एक अंक लिखी सट्टा पट्टी, नगदी जुमला रकम 3150 रूपये व एक नीले रंग का डॉट पेन को जप्त कर आरोपी आशोक यादव के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दोनो आरोपियो से कुल 10 हजार 850 रूपये की जब्त किए गए है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पंवार, उपनिरीक्षक राम किशोर माथरे, मानिक पटले, पंकज विश्वकर्मा, सहायक उपनिरीक्षक छवि लाल सूर्यवंशी, जयराम सैय्याम, प्रधान आरक्षक चैन सिंह कुलस्ते, संतलाल उइके, आरक्षक प्रशांत अवस्थी, रोहित कुमार कुशवाहा, महेन्द्र मार्को, पंचम धुर्वे, अलोक मरावी, खिलेन्द्र, नीरज बाकले, श्रवण पुडिया, हेमराज मर्सकोले, प्रमोद शर्मा की विशेष भूमिका रही।

8 गुम मोबाईल तलाश कर वास्तविक मालिकों को सौंपे

मण्डला। सीईआईआर पोर्टल पर मोबाईल फोन गुमने की शिकायत दर्ज की जा रही है। विगत 2 माह में 31 मोबाइल तलाश कर नैनपुर क्षेत्र के वास्तविक मोबाइल धारकों को मोबाइल दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गुम मोबाइलों की शिकायतों में कार्यवाही करते हुए तलाश कर उनके वास्तविक मालिक को दिये जाने के निर्देश दिये गये थे। बताया गया कि मोबाइल धारकों के द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर भी अपनी आनलाईन शिकायत दर्ज करायी थी। थाना नैनपुर अंतर्गत गुम मोबाइल की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा 08 नग मोबाईल ढूंढ कर उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को दिया गया। गुम हुए मोबाईल वापस पाकर मोबाईल धारको ने नैनपुर पुलिस को धन्यवाद दिया है। मोबाइल की तलाश में थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा, उप निरीक्षक निधी नेमा, आरक्षक प्रशांत चौधरी, सायबर सेल मंडला टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। बता दे कि थाना नैनपुर पुलिस ने लगातार फोन ट्रेस कर विगत 02 माह में 31 मोबाइल खोजकर उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को मोबाइल लौटाये गए है।

खबर संक्षेप

19 जून को मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल दिवस

बालाघाट। 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस मनाया जाएगा। इस सम्बंध में जनजातीय कार्य विभाग की क्षेत्रीय संचालक वंदना वैद्य ने प्रदेश के 33 जिलों के कलेक्टर्स को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

18 जून को किसानों के खातों में आएगी पीएम, किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त

बालाघाट। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को देश के किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वी किश्त जारी करेंगे। पीएम मोदी उत्तरप्रदेश के वाराणसी में पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देश के किसानों के खातों में 17वी किश्त अंतरित करेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाहॉल में आयोजित किया गया हैं। अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे द्वारा आयोजित कार्यक्रम के संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। निर्धारित तिथि में नियुक्त किये गए अधिकारी निर्वाचित दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

जिले के 02 परीक्षा केंद्रों पर होगी यूजीसी-एनईटी-2024 की परीक्षा

बालाघाट। जिले के 02 परीक्षा केंद्रों में यूजीसी-एनईटी 2024 परीक्षा का आयोजन 18 जून से किया जा रहा है। परीक्षा प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं परीक्षा सुचारू रूप से संपादित करने के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। जिसमे परीक्षा केंद्र सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल लालबर्रा रोड मांझापुर में वारासिवनी एसडीएम राजीव रंजन पांडे के साथ सहायक निरीक्षणकर्ता लालबर्रा तहसीलदार संजय बारस्कर और पीएम केंद्रीय विद्यालय भरवेली में एसडीएम गोपाल सोनी के साथ बालाघाट तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार को नियुक्त किया गया है।

कार्यवाही : आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाक एवं मोटर साइकिल बरामद

पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले बदमाशों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

12 जून को रात लगभग 9.30 बजे पीडित मीत बिसेन अपने 02 साथियों के साथ स्कूटी से गुजरी होते हुए बैहर रोड जा रहा था। गुजरी सन मेडिकोज के पास 02 बदमाश प्रिंस यादव तथा स्वप्निल मर्सकोले स्प्लेन्डर मोटरसाइकिल से आकर मीत बिसेन की स्कूटी को रोक लिया तथा पुराने मारपीट के विवाद पर से दोनो बदमाशो ने पीडित मीत बिसेन के गर्दन सहित कई जगहों मे चाकू से हमला कर घायल कर भाग गये। दोनो बदमाशों के विरूद्ध थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 341 24 धारा 294,307,24 भदवि का पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डाबर द्वारा शहर में हुई इस प्रकार की घटना को गंभीरता से लेते हुए बदमाशों शीघ्र गिरफ्तारी एवं प्रकरण के अनुसंधान हेतु नगर पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी कोतवाली प्रकाश वास्कले के नेत्रत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये, चश्मदीद साक्षियों एवं विश्वसनीय मुखविरों से पूछताछ कर दोनो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। दोनो आरोपी प्रिंस एवं स्वप्निल के पूर्व से अपराधिक रिकार्ड रहे है आरोपी प्रिंस मारपीट के दो मामलो तथा आरोपी स्वप्निल बलात्कार एवं मारपीट जैसे प्रकरणों में गिरफ्तार हो चुका है। दोनो आरोपीगणों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सेवा इकाई के द्वारा विश्व पर्यावरण अंतर्गत नमामि गंगे जल संरक्षण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। जीने के लिए जरूरी है जलसंरक्षण शासकीय महाविद्यालय किरनापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 15 जून 2024 तक जल संरक्षण पखवाड़ा अंतर्गत चल रहे नमामि गंगे जल संरक्षण अभियान के तहत ग्राम पाला में प्राचार्य डॉक्टर सुनीता जैन के मार्गदर्शन में सभी लोगों में जागरूकता लाने और जल संरक्षण अभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नमामि गंगे परियोजना के तहत वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर ग्रामपंचायत पाला परिसर में स्थित तालाब से सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण कर उचित निस्तारण किया गया। इसके साथ ही गाजर घास का उन्मूलन किया गया। अभियान में महाविद्याल के अधिकारी,कर्मचारी, छात्र छात्राओं के साथ साथ गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

बालश्रम जागरूकता के अंतर्गत लगाये पॉमप्लेट एवं स्टीकर

बालाघाट। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग बालाघाट द्वारा पॉमप्लेट एवं स्टीकर लगाकर बालश्रम रोकथाम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को तहसील कटंगी व खैरलांजी के विभिन्न दुकानों, ऑटो गैरेज, होटल, पान ढेला एवं बस संचालको से समन्वय कर बाल श्रम से संबंधित पॉमप्लेट एवं स्टीकर लगाये गये। नियोजको व संचालकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाकर समझाईस दी गई कि 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से किसी भी प्रकार का कार्य करवाना अपराध की श्रेणी में आता है एवं 14 से 18 वर्ष के बालकों से कार्य करवाने से पूर्व श्रम विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। 14 से 18 वर्ष से कम आयु के बालकों से जोखिम युक्त कार्य एवं 06 घण्टे से अधिक कार्य करवाना अपराध है। बाल श्रम कराये जाने पर दोषियों के विरूद्व अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत 20 से 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड के साथ 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास हो सकता है अथवा दोनो से दण्डनीय किया जा सकता है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

बालाघाट। शैक्षणिक सत्र 2022-23 से प्रदेश स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए 274 सीएम राइज़ विद्यालय की स्थापना समस्त संसाधनों से परिपूर्ण गुणवत्तायुक्त शिक्षा के उद्देश्य से की गई है। इन्हीं में से 68 सीएम राइज़ विद्यालयो को प्रदेश स्तर पर नोडल विद्यालय के रुप में तैयार किया जा रहा हैं । नोडल विद्यालय में जिलें व ब्लॉक के नवीन स्वीकृत सीएम राइज़ विद्यालयों, पीएम श्री विद्यालयों एवं अन्य विद्यालय के स्कूल लीडर्स व स्टॉफ को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। जिससे कि इन विद्यालयों में शैक्षणिक व सहशैक्षिक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालन हो सके। इसी कड़ी में सीएम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य, प्रधानपाठक व समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को प्रातः 09 से 05 बजे के मध्य किया गया। लाईट हॉउस, नोडल स्कूल अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में पीपल ग्रुप के प्रशिक्षक मोनु पटेल, मोहम्मद नूरूद्दीन, श्री राम एवं पूर्ति कपूर ने इसके उद्देश्य व आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की। प्रथम सत्र में सर्वप्रथम उपस्थित शिक्षकों को महाकवि कालिदास, आर्यभट्ट, अनुभूति, सर्वोदय, सृजन, हिमालय, लर्नर व सनराइज आदि समूहों में बांटा गया।

62 शासकीय स्कूलों में मॉनिटरिंग के लिए पहुचेंगे अधिकारी

बालाघाट। जिले में स्कूल शिक्षा अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन 20 जून को किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार स्कूल चले अभियान को परिणित करने की दृष्टि से जिले के समस्त शासकीय शालाओं में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत इस दिन विभिन्न अधिकारी आवंटित शालाओं में जाकर एक कालखंड का अध्यापन कार्य सुनिश्चित करेंगे। जिले के कुल 62 स्कूलों में मॉनिटरिंग के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

सहकारी समिति के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

बालाघाट। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने बालाघाट जिले अंतर्गत विभिन्न सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने राजीव गांधी मछुआ सहकारी समिति मर्या बोरी लालबर्रा के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए उप अंकेक्षक अतुल राय को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त करने एवं अपील का निर्धारित अवधि में निराकरण करने के लिए उप आयुक्त सहकारित जिला बालाघाट को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ग्राम गर्रा में लगाया जन जागरूकता शिविर : विश्व बाल श्रम निषेध दिवस अवसर पर 30 जून तक चलेगा विमुक्ति एवं पुनर्वास अभियान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 30 जून तक विमुक्ति एवं पुर्नवास की दृष्टि से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य बुधवार को ग्राम के व्यापारी संघ, जक्शन ग्रुप बॉयो फ्यूल एवं सरपंच, सचिव के सहयोग से ग्राम पंचायत गर्रा अन्तर्गत गर्राटोला में जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बंधक श्रम पद्धति उत्सादन अधिनियम 1976 एवं बाल श्रम अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही समझाईस दी गई कि 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से किसी भी प्रकार का कार्य करवाना अपराध की श्रेणी में आता है एवं 14 से 18 वर्ष के बालकों से कार्य करवाने से पूर्व श्रम विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। 14 से 18 वर्ष से कम आयु के बालकों से जोखिम युक्त कार्य एवं 06 घण्टे से अधिक कार्य करवाना अपराध है। बाल श्रम कराये जाने पर दाषियों के विरूद्ध अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत 20 से 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड के साथ 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास हो सकता है अथवा दोनों से दण्डनीय किया जा सकता है। ग्रामीणजन जो कि मजदूरी कर अपना जिवनयापन करते है, उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा पूरी कराये जाने जागरूक किया गया एवं बच्चों से मजदूरी एवं भिक्षावृति न कराई जाने की सलाह दी गई एवं कराये जाने पर इसके विरूद्ध दण्डनीय प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। माता-पिता से बच्चों की शिक्षा पूर्ण कराये जाने संबंधी शपथ दिलाई गई।

नमामि गंगे अभियान कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के विधायक कराहे

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिर्री के मुख्य तालाब का सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राजकुमार कराहे, जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह,व जनप्रतिनिधियों के बीच का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में नमामि गंगे अभियान के तहत तालाब परिसर में जल संरक्षण संवर्धन जल स्रोत के पास स्वच्छता एवं विभिन्न प्रकार के पौधारोपण किए गए ।जहां अनुभाग्य अधिकारी कमलचन्द्र सिंहमार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी मनीष शेण्डे ,जनपद समन्वयक अधिकारी, सब इंजीनियर ग्राम पंचायत हिर्री की सरपंच श्रीमती विनीता राजेंद्र पाराशर ,सचिव रामेश्वरी मेश्राम,रोजगार सहायक बबलू मेश्राम, भाऊ लाल टीकेश्वर,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सूचीका वैश, क्षमता विकास कार्यक्रम से परामर्दता जगदीश पांचै, अनिल पाचे, जितेंद्र मात्रे,श्रीकांत सोनी , मनीषा हरिनखेडे, राष्ट्रीय आजीविका मिशन से प्रवेश बोरकर ,आरती पटले ,शिखा सिंह देवकी मेहरा ,जल संरक्षण के आसपास साफ सफाई रखना, पेड़ पौधे लगाने, पर्यावरण को शुद्ध बनाय रखने के लिए, समुदाय की जिम्मेदारी पर अपने वक्तव्य रखे गए ,इस कार्यक्रम में बारी, बारी से अपने वक्तव्य रखे गए ।जिसमें अनुभाग्य अधिकारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष ,विधायक राजकुमार कराहे,द्वारा भी कार्यक्रम में शिरकत कर उद्बोधन दिया गया। इस कार्यक्रम में राजस्व विभाग, कृषि विभाग ,जनपद पंचायत की समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की सहभागिता अनिवार्य रूप से सराहनी रही।

लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ने जटाशंकर महाविद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश मेहरा शनिवार को बालाघाट पहुँचे। यहां उन्होंने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के साथ संक्षिप्त बैठक की। बैठक के दौरान जिले के भौगोलिक क्षेत्र और जिले की शिक्षा संस्थानों के बारे में जानकारी लिम इसके पश्चात उन्होंने नगर के शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आगामी समय मे महाविद्यालय में मप्र लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा के लिए केंद्र बनाया जा सकता है। इसकी सम्भावनाओं के लिए यह निरीक्षण किया गया है। इस दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम एस मरकाम,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गोविंद सिरसाटे, डॉ. गजानन कटरे सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। वहीं कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने महाविद्यालय की छात्रा सोनू चौधरी का सहायक आयुक्त सहकारिता विभाग में एमपी पीएससी परीक्षा के माध्यम से चयन होने पर सम्मानित भी किया।

बाल श्रम टास्क फोर्स व बंधक श्रमिक पुर्नवास समिति की बैठक हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला बाल श्रम टास्कफोर्स व बंधक श्रमिक पुर्नवास समिति की बैठक सह कार्यशाला काबासंयुक्त रूप से कलेक्ट्रेड स्थित सभाकक्ष में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा की अध्यसक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री रणदा द्वारा जिले से बहुतायत संख्या में पलायन करने वाले क्षेत्र लांजी से दूसरे राज्यों में जाने वाली बसों का औचक निरीक्षण किये जाने तथा माईनिंग क्षेत्र अन्तर्गत बाल श्रम टास्कफोर्स के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिले की ग्राम पंचायतो से अन्य राज्यों में रोजगार की तलाश में जाने वाले श्रमिकों की विस्तृत जानकारी से संबंधित रजिस्टर संधारण के लिये पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा बंधक एवं बाल श्रमिक से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें बंधक श्रम पद्वति उत्सादन अधिनियम 1976 के अनुसार दोषी पाये जाने पर 02 हजार रूपये जुर्माना एवं 03 वर्ष की सजा दोनो से अधिरोपित किया जा सकता है। इसी प्रकार बाल श्रम प्रतिशेध विनियमन 1986 संशोधित अधिनियम 2016 अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से किसी भी प्रकार का कार्य करवाना अपराध की श्रेणी में आता है एवं 14 से 18 वर्ष के बालकों से कार्य करवाने से पूर्व श्रम विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। 14 से 18 वर्ष से कम आयु के बालकों से जोखिम युक्त कार्य एवं 06 घण्टे से अधिक कार्य करवाना अपराध है। बाल श्रम कराये जाने पर दोषियों के विरूद्व अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत 20 से 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड के साथ 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास हो सकता है अथवा दोनो से दण्डनीय किया जा सकता है की जानकारी दी गई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अश्वीनी कुमार उपाध्याय, जिला विधिक सहायता अधिकारी जितेन्द्र धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पान्डेय, श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह, बाल श्रम के नोडल अधिकारी सुनील कुमार यादव श्रम निरीक्षक, बंधक श्रम पुर्नवास निधि के नोडल अधिकारी राकेश ठाकरे श्रम निरीक्षक आशुतोष दुबे, पुलिस विशेष किशोर इकाई से योगेश राहंगडाले, उप पुलिस अधीक्षक महिला अपराध के कर्मचारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग से प्रमोददीप ठाकुर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिता खरे, खाद्य आपूर्ति अधिकारी कार्यालय से कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से श्रीमती प्रीती मर्सकोले, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से पी.एन. चतुर्वेदी, स्वयं सेवी आवाज संस्था से शिवगिरी गोस्वामी, भारतीय मजदूर संघ की ओर से वाय.के.शुक्ला एवं प्रणय श्रीवास्तव व श्रीमती वीणा कनौजिया समिति सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 27 जुलाई को होगा पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बालाघाट। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से जिले के उत्कृष्ट विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राएं भाग से सकेंगे। इसमे लिखित परीक्षा, वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों की टीम का चयन किया जाएगा। टीम का पंजीयन 14 जून से 08 जुलाई तक https://www.mptounsm.com/tourismquiz 2024/ schools/ आनलाइन पर किया जाएगा। 08 जुलाई को शाम 5.30 बजे के बाद पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के लिए प्रातः 09.00 से 10.00 बजे तक पंजीयन, 10.00 बजे से 12:00 बजे तक लिखित प्रतियोगिता होगी। इसमें 06 सर्व श्रेष्ठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए होगा। द्वितीय चरण में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगता, मल्टी मिडीया में शामिल 06 टीमों (18 विद्यार्थियो) में से 03 टीमों का चयन होगा जो जिले कि टाप 03 विजयी टीम कहलाएगी। जिले की प्रथम तीन विजेता टीमो को राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 02 रात्रि 03 दिन तथा शेष 03 उपविजेता टीमो को 01 रात्रि 02 दिन ठहरने के लिए कूपन व शेष को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

कन्या महाविद्यालय में नमामि गंगे परियोजना का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में शुक्रवार को राष्ट्रीय हरित कोर योजना इको क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर निधि ठाकुर की अध्यक्षता में नमामि गंगे परियोजना का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत ईको क्लब प्रभारी डॉ. सीमा वासनिक व एनएसएस प्रभारी श्रीमती तनुश्री कोठी एवं वनस्पति विज्ञान के अतिथि विद्वान डॉक्टर बसंत कुमार मार्को के संचालन में छात्राओं के साथ वैन गंगा नदी के जागपुर घाट की साफ-सफाई वह गहरीकरण कर छात्राओं व अन्य ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया। वहीं छात्राओं के द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन विषय पर स्लोगन लिखकर आम जनमानस को प्रेरित करने का काम किया गया। साथ ही इको क्लब प्रभारी व एनएसएस प्रभारी द्वारा छात्रों के साथ रैली निकालकर नगर वासियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण व पर पुनर्जीवन के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय में जल स्त्रोतों के संरक्षण पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर द्वारा समस्त प्राध्यापक कर्मचारी व छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि जल स्त्रोतों का संरक्षण करगे व अपने पड़ोसियों व रिश्तेदारों को भी प्रेरित करेंगे साथ ही समस्त गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
ADMISSIONS OPEN 2024-25
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com